





# एसपी थोटा का दो वर्षकाल उपलब्धियों भरा रहा

## सायबर ठगी, अवैध मादक पदार्थो चोरियों के खुलासे में रिकार्ड कायम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। पन्ना जिले मे विगत 3 अगस्त 2023 को पदस्थ हुये एसपी सांई कृष्ण थोटा का 2 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। वे गत दिवस पन्ना जिले से नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक के रूप मे स्थानांतरित होकर वहां पदभार ग्रहण कर लिया।**

उनके दो वर्ष के कार्यकाल पर नजर डाली जाये तो सर्वाधिक सायबर फ्राड, मोबाइल चोरी, अवैध मादक पदार्थो पर बडी कार्यवाहियां, अंधी हत्याओं का खुलासा आदि उनकी उपलब्धियां सबके सामने हैं। उनके कार्यकाल की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों का वर्णन किया जा रहा है जिसमें 29 जुलाई 24 को पारधी गैंग के 7 शातिर चोरों को पकड़कर दो दर्जन चोरियों का खुलासा किया गया था। इसी प्रकार 24 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय गिरोह पर्दाफाश किया था जो थाईलैंड कम्बोडिया से सायबर डिजीटल अरेस्ट के तहत ठगी का कार्य करते थे। जिसका उन्होंने अपना सेटअप मुंबई महाराष्ट्र मे बनाया था उनके बोस कम्बोडिया से सेटअप का संचालन करते थे। जिसमें 14 लाख की ठगी का खुलासा हुआ था। इसी प्रकार को 1 जुलाई 2024 को एक क्विंटल अवैध गांजे की खेप पकड़ी गई थी। जिसकी कीमत 21 लाख आंकी गई थी। जो कि इसी प्रकार दिसंबर 23 से लेकर जुलाई 24 तक के समय मे 7 क्विंटल 45 किलो गांजा जप्त किया जा चुका था। जो कि अब तक का एक रिकार्ड माना जा रहा है। इसी प्रकार 19 फरवरी 2025 को दिल्ली से 3 आरोपियों को पकड़कर 47 लाख की ठगी का खुलासा किया गया था। इसी प्रकार लोन के नाम पर पन्ना निवासी साजिद खान से 32 लाख की ठगी करने वाले 1 आरोपी रोशन सिलडाना मंगलुरू से गिरफ्तार कर उसका खुलासा किया गया। पकडा गया प्रमुख सरगना जिसके ऊपर 27 मामले पहले से ही पंजीबद्ध थे और वह जेल मे बंद था। जिसके ऊपर ईडी की भी कार्यवाही चल रही है। इसी प्रकार म्यूल बैंक खाते खुलवाकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड करते हुये राजस्थान से आरोपी गिरफ्तार कर बडे रैकिट का पर्दाफाश किया गया। अजयगढ़ थाना क्षेत्र के कगरे के बारा स्थित मंदिर से चोरी मूर्तियों को बरामद कर आरोपियों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई थी। बृजपुर थाना उमरी तिराहा मे अंतर्राज्जीय 5 पशु तश्कर उडीसा से पकडे गये थे और लाखों का गौवंश बरामद किया गया था 29 मई 2024 को 5 क्विंटल गांजा कीमती 1 करोड़ 7 लाख का बरामद कर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। अमानगंज के सराफा व्यापारियों के साथ 17 दिसंबर 2023 को लूट का खुलासा कर चंबल क्षेत्र से खूंखार अपराधियों को पकड़कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया था। उपरोक्त सारी कार्यवाहियां स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा थोटा के जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा की गई थी।



**चोरी के मामले कम हुए, डकैती का एक भी मामला नहीं-** जिलेभर में चोरी की वारदातों में कमी आई है। जिलेभर के थानों में बीते साल के मुकाबले साधारण चोरी के मामले 27 कम हुए हैं। डकैती के अपराध में भी शत प्रतिशत कमी आई है। अनुसूचित जनजाति पर घटित अपराधो मे हत्या के प्रयास जैसे अपराधो मे आई शतप्रतिशत कमी आई।

**लूट के 80 फीसदी मामलों का खुलासा:** - लूट के प्रकरणों में पतासाजी का प्रतिशत 80 प्रतिशत रहा। यानी पुलिस ने लूट के 80 फीसदी मामलों का खुलासा किया है। साधारण चोरी की 50 फीसदी वारदातों का पुलिस ने त्वरित खुलासा किया है। चोरी के 65 फीसदी मामलों में रिकवरी दर्ज की गई।

### बलात्कार-दुष्प्रेरण के मामले कम हुए

वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 के माह जनवरी से लेकर माह अगस्त तक महिलाओं के खिलाफघटित अपराधों में आई कमी आई है । दुष्कर्म के मामलो मे और सामूहिक दुष्कर्म के मामलो मे शतप्रतिशत की कमी आई है। वहीं दुष्प्रेरण के मामले बीते साल की तुलना में 36 प्रतिशत कम दर्ज किए गए।

### पिछले 8 माह में अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई

जिले में बीते 8 माह में सभी तरह के अपराध में गिरावट हुई है। गंभीर और सामान्य अपराधों की संख्या कम हुई है। हत्या-डकैती जैसे गंभीर अपराध में शतप्रतिशत गिरावट हुई है, चोरी-बलात्कार की वारदात भी कम हुई है। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों पर भी अपराध घटनाएं कम हुई हैं। दूसरी ओर घटित अपराधो में पतासाजी और रिकवरी का प्रतिशत पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। यह दावा जिला पुलिस प्रशासन कर रहा है। जिला पुलिस के रेकार्ड के मुताबिक वर्ष 2024 की तुलना में जनवरी से अगस्त 25 तक 8 माह सभी तरह के अपराध कम हुए हैं।



# दक्षिण पन्ना की शाहनगर रेंज में वन विभाग ने अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। दक्षिण वन मण्डल पन्ना के अंतर्गत शाहनगर वन परिक्षेत्र की बीट बिसानी में, वन क. क्र. पी-995 पर गश्ती दल द्वारा वनभूमि पर अतिक्रमण का प्रयास पाया गया। अतिक्रमणकारी द्वारा अवैध रूप से लकड़ी एवं घास-फूस की कच्ची झोपड़ी ( मडैया ) बनाई गई थी तथा आसपास लैंटाना एवं खरपतवार की सफाई कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।**

मौके पर झोपड़ी से सामान निकलवाकर फोटो एवं वीडियो संधारित किए गए। तत्पश्चात झोपड़ी को हटाकर लकड़ी जप्त की गई तथा अतिक्रमणकारी को भविष्य में ऐसी गतिविधि न करने की सख्त समझाइश दी गई। इस प्रकार विभागीय दल द्वारा अतिक्रमण का प्रयास विफल किया गया। यह कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर राजुल कटारे के निर्देशन में की गई। इसमें परिक्षेत्र सहायक बिसानी अनिल प्रताप सिंह, बीटप्रभारी बिसानी प्रभाकर चतुर्वेदी वनरक्षक, बीटप्रभारी रामपुर संतोष रजक वनरक्षक तथा समिति सुरक्षा श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# सभी शासकीय तालाबों में मछली पालन सुनिश्चित कराएं : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मछली का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश सागर संभाग के सभी मत्स्य पालन अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने, मत्स्य पालन के माध्यम से मछुआ परिवारों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना एवं अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं।**



कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मत्स्य पालन के लिए संचालित योजनाओं का सागर संभाग में परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा है कि सागर संभाग में मत्स्य पालन की गतिविधियों से मछुआ परिवारों को रोजगार मिलना ही चाहिए। कमिश्नर सागर संभाग ने उक्त निर्देश मत्स्य पालन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी शासकीय तालाबों में मछली पालन का कार्य प्राथमिकता से कराया जाना सुनिश्चित करें। कोई भी शासकीय तालाब मछली पालन की गतिविधियों से वंचित न रहे, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में चालू मानसून सीजन में मत्स्य बीज उत्पादन की जिलेवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संभाग के सागर जिले को छोड़कर सभी जिलों में मत्स्य बीज हेचरी होने के बावजूद मत्स्य बीज उत्पादन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर तथा लक्ष्य के विरुद्ध कम उत्पादन पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक संचालक मत्स्योद्योग पन्ना सहित अन्य जिले के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कमिश्नर ने मछुआ परिवारों को मछुआ क्रेडिट कार्ड वितरण योजना की जिलेवार समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान सागर संभाग के सभी जिलों में मछुआ परिवारों को क्रेडिट कार्ड वितरण में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कलेक्टरों से दूरभाष पर चर्चा की तथा मछुआ परिवारों को प्राथमिकता के साथ मछुआ क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का क्रियान्वयन सागर संभाग में प्रभावी तौर से कराएं।समीक्षा के दौरान कमिश्नर को अवगत कराया गया कि टीकमगढ़ और पन्ना जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का क्रियान्वयन ठीक से नहीं किया गया है।

टीकमगढ़ जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की राशि समर्पित कर दी गई है, जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सहायक संचालक मत्स्योद्योग को नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर द्वारा बैठक में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना की भी समीक्षा की गई।

## पीला मोजेक रोग के प्रभावी नियंत्रण के संबंध में सलाह

पन्ना 11 सितंबर। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा खरीफमौसम 2025 में सोयाबीन और उड़द की फसल पर पीला मोजेक रोग के प्रभावी नियंत्रण के संबंध में सलाह जारी की गई है। उप संचालक ए.पी. सुमन ने बताया कि यह रोग सफेद मक्खी के द्वारा फैलाया जाता है। इसके नियंत्रण के लिए किसानों को प्रारंभिक अवस्था में ही इसके लक्षण दिखने पर रोगग्रस्त पौधे को खेत से उखाड़कर निकालना चाहिए। रोग फैलाने वाले वाहक सफेद मक्खी की रोकथाम के लिए फ्लोनीकेमिड 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी 200 ग्राम प्रति हे. या थायोमिथोक्सॉम एवं लैम्डासायलोथ्रिन 125 मिली प्रति हे. अथवा बीटासायफ्लुथ्रिन एवं इमिडाक्लोप्रिड 350 मिली प्रति हे. का छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा एसिटेमिप्रिड 25 प्रतिशत एवं बायफेंथ्रिन 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 250 ग्राम प्रति हे. का छिड़काव भी प्रभावी उपाय है। कृषकों को अपने खेत में सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए पीले रंग के स्ट्रिकी टैप्स लगाने की सलाह भी दी गई है।

# 'वसुधैव कुटुंबकम' और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

## शिकागो उद्बोधन दिवस पर हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दिनांक 11 सितम्बर को शिकागो उद्बोधन दिवस का आयोजन वसुधैव कुटुंबकम् और आत्मनिर्भर भारत की दिशा विषय पर हुआ।**



कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी एवं संयोजक डॉ. बी.एन. जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर डॉ. सूरज पटेल, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रुचिका वर्मा, डॉ. वरदानी प्रजापति, डॉ. पुष्पराज चौरसिया सहित अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद के आदर्शों से शक्ति लेकर ही युवा भारत को विश्वगुरु बना सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. रुचिका वर्मा ने कहा कि शिकागो में स्वामी विवेकानंद का संदेश न केवल भारत की आध्यात्मिक धरोहर का उद्घोष था बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेम और सहिष्णुता का आह्वान भी था। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. पूनम तिवारी ने आत्मानुशासन, नैतिकता एवं सेवा-भाव को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताया। डॉ. सूरज पटेल ने शिकागो उद्बोधन को भारतीय संस्कृति की विराटता का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वरदानी प्रजापति एवं आभार प्रदर्शन डॉ. पुष्पराज चौरसिया ने किया। विद्यार्थियों को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' सेवा सप्ताह पखवाड़े का शुभारंभ 17 को

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वस्थ्य जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' सेवा सप्ताह पखवाडे का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान के दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार के मागदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में निर्धारित गतिविधियो का आयोजन किया जाएगा।**

सेवा पखवाडे के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों मे विषय विशेषज्ञो द्वारा महिलाओ के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जॉचे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, क्षय रोग(टीबी) की स्क्रीनिंग, सिकल सेल रोग की जॉच, पोषण परामर्श, महिलाओ और किशोरियों के लिए माहवारी स्वच्छता पर परामर्श, मातृ एवं शिशु देखभाल, टीकाकरण सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण से जुडे महत्वपूर्ण मुद्दो पर परामर्श और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में जॉच उपरांत परिणाम का स्वास्थ्य और कार्ड संबंधित महिलाओ को प्रदान किया जाएगा। समस्त जॉचो का डाटा संस्थाओ द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा साथ ही चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओ पर रक्तदान शिविरो का आयोजन किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओ को स्वास्थ्य बनाए रखना, परिवार में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढाना तथा सुरक्षित मातृत्व और पोषण पर विशेष ध्यान देना है। यह अभियान महिलाओ एवं बच्चो के स्वास्थ्य और को बेहतर बनाने के साथ ही एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में भी योगदान देगा। जिले की समस्त महिलाओ से अपील की गई है कि वे उक्त पखवाडे के दौरान स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ लेने एवं अपने परिवार को स्वास्थ्य एवं सशक्त बनाने हेतु सक्रिय रूप से सम्मलित हो।

# सेवा पखवाड़े पर महाविद्यालयों में होंगी विविध गतिविधियां

## उच्च शिक्षा संचालनालय ने जारी किया आदेश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुपालन में उच्च शिक्षा विभाग ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।**

जारी आदेश अनुसार सभी महाविद्यालयों में 17 सितम्बर को स्वच्छता रैली तथा शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता अभियान, 18 सितम्बर को पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान, 19 सितम्बर को जैविक खेती के संबंध में जागरूकता रैली व किसानों के साथ चर्चा, 20 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, संवाद और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस क्रम में 21 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान एवं रैली, 22 सितम्बर को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, संवाद व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन, 23 सितम्बर को ऊर्जा संरक्षण पर संवाद, 24 सितम्बर को स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, 25 सितम्बर को रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर, 26 सितम्बर को रक्त परीक्षण शिविर, 27 सितम्बर को सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर में विद्यार्थियों की सहभागिता, 28 सितम्बर को राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स द्वारा श्रमदान एवं रैली, 29 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 30 सितम्बर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता, 1 अक्टूबर को पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान एवं 2 अक्टूबर को सत्य एवं अहिंसा की शपथ व स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और उत्पाद पर व्याख्यान एवं जनजागरण रैली का आयोजन किया जाएगा।

# प्रभारी अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 16 को

## विकास कार्यों पर होगी चर्चा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी अधिकारी सागर संभाग की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 16 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय जिला सागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।**

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा सभी संभागीय अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित संभाग स्तर के विकास कार्यों एवं अन्य योजनाओं की पीपीटी 11 सितम्बर को शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से कमिश्नर कार्यालय की ई-मेल आईडी पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व की कार्ययोजना लेकर सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुख उपस्थित हों। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स से अपेक्षा की है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले की समेकित कार्ययोजना लेकर उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव टॉपर विद्यार्थियों को देंगे स्कूटी का उपहार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के तहत राशि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रात: 11 बजे से होगा।**

नि:शुल्क ई-स्कूटी योजना शैक्षणिक सत्र 2022-23 से संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं पात्र होते हैं, जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं में समस्त संकाय को शामिल कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप किया हो। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड स्कूल जिसमें बालक व बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हों, की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक अर्थात् एक स्कूल से दो विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं की परीक्षा में स्कूल टॉपर्स विद्यार्थियों को स्कूटी राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की बालिकाओं को डीबीटी द्वारा राशि बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

# कलेक्टर पन्ना की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 11 सितंबर। कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर समय सीमा में वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।**

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं को प्रभावी बनाने तथा समय पर विभिन्न योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी सहित सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता, समस्त बीएमओ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा कई योजनाओं में परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर शासन की मंशा मुताबिक लोगों को लाभ प्रदान किया जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भावस्था के प्रथम चरण में ही पंजीयन कराने सहित अनिवार्य जांच के संबंध में कार्रवाई की जाए। सभी बीएमओ ग्रामवार गर्भवती महिलाओं की सूची भी अपडेट रखें। जिला कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र अंतर्गत निरंतर रूप से स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की निगरानी रखें। गर्भवती महिला का शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के साथ ही जिले को कुपोषणमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले में 1600 मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता के बावजूद आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में जिले की प्रगति अति न्यून है, आगामी दिवसों में इस कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान आगामी 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस पर 1 से 19 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों और अन्य लोगों को एल्बेंडाजोल टेबलेट के सेवन तथा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, छात्रावासों और अन्य चिन्हांकित स्थानों पर गोली के सामूहिक सेवन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकासखंड में निर्धारित कार्ययोजनानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दें।शाला त्यागी बच्चों तथा अन्य स्थानों पर गोली सेवन के लिए आशा कार्यकर्ता को चिन्हांकन और सर्वे अनुसार लक्ष्य प्रदान करने तथा आवश्यक प्रशिक्षण की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का पूर्व चिन्हांकन कर एवं डिलेवरी प्वाइंट पर अलर्ट इत्यादि प्रयासों के माध्यम से रेफरल सिस्टम की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार लाएं। सर्वप्रथम यह प्रयास हो कि 9 माह तक गर्भवती महिलाओं को उचित खानपान और पोषण आहार की सुविधा मिले।



गर्भवती महिला को समय-समय पर आवश्यक चिकित्सीय जांच और काउंसलिंग की सुविधा मिले। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी समय पर मिल सके, यह प्रयास किया जाए। जिला कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु की घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में आवश्यक उपायों पर चर्चा कर गर्भधारण काल से ही हेल्थ टेकिंग रिकार्ड दुरूस्त करने के संबंध में निर्देश दिए गए। इसके अलावा टीकाकरण कव्हरेज पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा द्य टी बी मरीज़ों के फॉलोअप के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के उपचार की बेहतर व्यवस्था भी हो। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा के तहत संचालित होने वाले स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान की तैयारियों तथा अभियान के प्रथम दिवस रक्तदान शिविर आयोजन के दृष्टिगत भी जरूरी निर्देश दिए गए।